कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 31.12.2022

/ /प्रेस विज्ञप्ति/ /

गर्ल्स कॉलेज में

''हुनर'' सर्टिफ़िकेट कोर्स आयोजित

शासकीय डॉ वा .वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित ''हुनर'' सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत ''बेसिक्स एंड फंडामेंटलस ऑफ फ़ैशन एंड अपैरल, ब्यूटी, ग्रूमिंग के पंद्रह दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स के अंतिम दिन विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गये।

इस समारोह की मुख्य अथिति मिसेज़ यूनिवर्स फ़ाइनललिस्ट 2022 श्रीमती प्रेरणा धाबर्दे, थीं। अपने सम्बोधन में उन्होनें कहा कि महिला सशक्तिकरण का प्रथम चरण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, जिसके लिए उनमें शिक्षा के साथ–साथ कौशल विकसित होना भी अत्यंत आवश्यक है। फ़ैशन और ब्यूटी महिलाओं और पुरुषों दोनो के लिए आकर्षण का केंद्र हो रहा है। यह ब्यूटी पार्लर तक सीमित नहीं है बल्कि फ़ैशन शो, प्रतियोगिताओं, इवेंट मैनेजमेंट आदि से जुड़ गया है जिसके कारण इस क्षेत्र में रोज़गार के अधिक अवसर है। अतः इस इस प्रकार के कोर्स उपयोगी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि नई शिक्षा नीति कौशल विकास आधारित है अतः जिन क्षेत्रों में रोज़गार की अधिक उपलब्धता है उनको ध्यान में रखकर इस प्रकार के कोर्स प्रारंभ किये गये हैं जो कि छात्राओं में अधिक रुचिकर एवं लोकप्रिय हैं। महाविद्यालय स्तर पर विश्व स्तरीय तकनीकी ज्ञान एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर प्रतिभाओं को सामने लाना इन कोर्सेस का मूल उद्‌देश्य है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश के अनुसार वर्तमान में रोजगार के क्षेत्र में निरंतर बदलाव हो रहा है। जिसमें उच्च स्तरीय तकनीक, कौशल विकास, कम्प्यूनिकेशन, क्रिटिकल थिंकिंग को प्रमुखता दी जा रही है। कौशलयुक्त एवं तकनीकी रूप से सक्षम लोगों की कमी बेरोज़गारी का मुख्य कारण है। इसी को ध्यान में रखकर इस प्रकार के कोर्स पढ़ाई के साथ–साथ अपना अलग महत्व रखते हैं।

इस सफल कोर्स में 65 छात्राओं ने भाग लिया, जिनके लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं प्रशिक्षण आयोजित किए गए जिसमें मुख्य रूप से सुश्री जूही व्यास, मिसेज़ इंडिया फ़र्स्ट रनर अप, डायरेक्टर, जुही सलोन ने फ़ैशन एवं ब्यूटी में उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी दी। सुश्री टीना खंडेलवाल एवं मोनिका पारेक, डायरेक्ट, निफड भिलाई , ने प्रबंधन एवं स्टार्ट–अप पर प्रकाश डाला। सुश्री लूदमिलना मुखर्जी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की नवीनतम तकनीक बतायी। डॉ.शमा हमदनी ने फ़ैशन ब्यूटी के सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला ।

सुश्री सोनिया श्रीवास्तव,सुश्री अर्चना कश्यप, सुश्री हर्षा, सुश्री कंचन, फ़ैशन डिज़ाइनर एवं सुश्री शबनम खान मेकअप आर्टिस्ट ने सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदान की।

प्रसिद्ध छालिवूड कलाकार एवं मेंहदी आर्टिस्ट श्री मनीष कोठारी एवं श्री रोहित चतुर्वेदी की टीम ने मेहंदी के विभिन्न नवीनतम डिज़ाइन का प्रशिक्षण प्रदान किया ।

डॉ. शहिन हमदनी ने स्किन एंड हैयर लेटेस्ट कॉस्मेटोलॉजी पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। डॉ. रिमशा लाकेश, आहार एवं पोषण विशेषज्ञ ने विस्तृत जानकारी दी। सुश्री वेदिका साहू ने आकर्षक व्यक्तित्व के लिए फ़ैशन और सौंदर्य का उचित उपयोग आवश्यक बताया। महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा सुश्री सबीना बेगम फ़ैशन डिज़ाइनर एवं सुश्री वर्षा मेक–अप आर्टिस्ट का सेशन अत्यंत रोचक रहा ।

डॉ. लोकेश सिंह, डीन, रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज,भिलाई एवं श्री अनुभव जैन ने प्रोडक्ट एवं मॉर्केटिंग की विस्तृत जानकारी दी। श्री रेहान अहमेद, डायरेक्टर परफेक्ट अपीयरेंस इवेंट कम्पनी, भिलाई की टीम ने पर्सनल ग्रूमिंग पर प्रशिक्षण दिया।

समापन कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा तैयार सामग्री की प्रदर्शनी एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम संचालन सुश्री तबस्सुम ने किया, आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

''हुनर'' सर्टिफ़िकेट कोर्स आयोजित